हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

04 मोक्ष मार्ग प्रशस्त करती संयम साधना की प्रतीक...




07 युद्ध स्तर पर सर्वे शुरू, एक सैकड़ा से अधिक...





## खबर संक्षेप



### रहली में सिद्ध चक्र महामंडल विधान आज से

**रहली।** आचार्य श्री समय सागर जी के आशीर्वाद एवं अतिशय क्षेत्र पटनागंज रहली में चातुर्मास कर रहे श्रेष्ठ निर्यापक मुनि अभय सागर जी महाराज के सासंघ सानिध्य में अष्ठानिका महापर्व पर सिद्ध भगवंतों की आराधना करने के लिए 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान 29 अक्टूबर से 5 नवंबर तक अतिशय क्षेत्र पटनागंज में बड़े बाबा प्रांगण से प्रारंभ हो रहा है। विधान प्रातः काल बेला में किया जाएगा विधान में निर्देशन डॉ. विमल जैन दिल्ली, ब्रह्ममचारी रजनीश भैया एवं संगीतकार अनिकेत जैन मुंगावली होंगे।

### छात्र परिषद के गठन हेतु प्रतिनिधियों का निर्वाचन 11 और 13 नवंबर को

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों द्वारा सत्र 2025-26 के लिये पिछली परीक्षा के अंकों की प्रवीणता के आधार पर कक्षा प्रतिनिधि एवं अध्ययनशाला प्रतिनिधियों का निर्वाचन, छात्र परिषद के गठन हेतु छात्र कल्याण अधिष्ठाता द्वारा अधिसूचना जारी की गई है । सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर की कक्षाओं के कक्षा प्रतिनिधियों का निर्वाचन मंगलवार 11 नवम्बर को सम्पन्न होगा । समस्त अध्ययन शाला प्रतिनिधियों का निर्वाचन गुरुवार 13 नवम्बर को सम्पन्न होगा । छात्र परिषद के गठन हेतु नामांकन पत्र भरने का समय 10:30 से 12:30 बजे तक, नामांकन पत्र वापिसी का समय 12:30 से 1:00 बजे तक एवं निर्वाचित प्रतिनिधियो की सूची का प्रकाशन दोपहर 2:00 बजे किया जाएगा । समस्त अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष छात्र परिषद निर्वाचन चुनाव समिति में माध्यम से सम्पन्न करायेंगे।

### जनसुनवाई में हुई 178 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 178 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, एसडीएम अमन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 178 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

### 114वां नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 दिसंबर से

**सागर।** लेखा प्रशिक्षण शाला, सागर द्वारा आयोजित 114वां नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र दिनांक 01 दिसंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में भाग लेने के इच्छुक लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों के आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा 21 नवंबर 2025 तक लेखा प्रशिक्षण शाला, सागर को प्रेषित किए जाने आवश्यक हैं। यह प्रशिक्षण सत्र शासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को लेखा कार्य में दक्ष बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता में हिन्दी मुद्रलेखन या सी.पी.सी.टी. परीक्षा उत्तीर्ण होना तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिग्री/डिप्लोमा का प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है।

## सजगता, ईमानदारी, पारदर्शिता और गंभीरता के साथ पुलिस भर्ती परीक्षा को संपन्न कराएं

# परीक्षा अवधि में विद्युत आपूर्ति बनाए रखें, कर्मचारी चयन मंडल के निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंः संभाग कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सजगता, ईमानदारी, पारदर्शिता और गंभीरता के साथ पुलिस भर्ती परीक्षा को संपन्न कराए, परीक्षा में मोबाइल फोन सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। साथ ही परीक्षा अवधि में विद्युत आपूर्ति बनाए रखें एवं कर्मचारी चयन मंडल की निर्देशों का अक्षरशः पालन कर 40 दिन चलने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को संपन्न कराए। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल के द्वारा आयोजित पुलिस मुख्यालय गृह पुलिस विभाग मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत आरक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा के संपन्न में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए।

अनिल सुचारी ने निर्देश दिए कि 40 दिनों तक चलने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी पूरी ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा, पारदर्शिता के साथ अपना कार्य करें। उन्होंने कहा कि बगैर प्रवेश पत्र के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाए। साथ में सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को परिचय एवं प्रवेश पत्र जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि 40 दिन चलने वाली परीक्षा की सतत मॉनिटरिंग करने के लिए सभी संलग्न अधिकारी लगातार निरीक्षण करें।

संभाग कमिश्नर ने निर्देश दिए की परीक्षा अवधि के दौरान विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए एवं यातायात भी सुचारू बनाने के लिए पुलिस विभाग लगातार मॉनिटरिंग करे एवं परीक्षा के दौरान पेट्रोलिंग भी करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारी शहर में परीक्षा संबंधी अवांछनीय गतिविधि पर निगरानी रखने के लिए लगातार कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी तीनों परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के अधिकारी कर्मचारी परीक्षा समय के पूर्व अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।



परीक्षा के नोडल अधिकारी वाय पी सिंह ने बताया कि 30 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक चलने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा प्रतिदिन दो पारियों में आयोजित की जाएगी प्रथम पारी में परीक्षार्थी प्रातः 8:00 बजे से 9:30 बजे के बीच रिपोर्टिंग करेंगे एवं परीक्षा 10:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित की जाएगी । इसी प्रकार दोपहर की पारी में परीक्षार्थी 12:30 से 2:00 बजे तक रिपोर्टिंग करेंगे एवं परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि सागर में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें डीपीएस प्राइवेट आईटीआई स्टेशन रोड गंभीरिया, ज्ञानवीर इंस्टिट्यूट एंड मैनेजमेंट साइंस कॉलेज राजघाट रोड तीली सागर एवं ज्ञानवीर प्राइवेट आईटीआई राजघाट रोड तिली सागर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा में कैलकुलेटर / समस्त प्रकार की घड़ी/टोपी/ पर्स/बेल्ट / धूप वाला चश्मा इत्यादि पूर्णतः प्रतिबंधित है। अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार के आधुनिक संचार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग नहीं किया जा रहा है यह सुनिश्चित करने का दायित्व संबंधित केन्द्राध्यक्ष/आर्जवर/ तकनीकी आर्जवर/ वीक्षक का रहेगा। परीक्षा कार्यों में नियुक्त सभी अधिकारियों को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके कोई निकट संबंधी पति/पत्नि/पुत्र/पुत्री/दामाद / बहू इस परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो रहे हैं।

अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर मूल प्रवेश पत्र के अतिरिक्त, मूल फोटो पहचान पत्र साथ लेकर आना अनिवार्य है। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस तथा पासपोर्ट में से कोई एक चयनित कर सकता है। मूल आई.डी के अभाव में अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं होगी। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी सामग्री परीक्षा केन्द्र में ले जाना निषिद्ध है। मूल आई.डी के अभाव मे परीक्षा से पृथक किये अभ्यर्थियों हेतु निर्धारित प्रपत्र में प्रविष्ठि किया जाना अनिवार्य होगा। परीक्षा में निर्धारित रिर्पोटिंग समय के पश्चात आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। अभ्यर्थी का बहुस्तरीय बॉयोमेट्रिक परीक्षण होगा। प्रथम आधारयुक्त बॉयोमेट्रिक सत्यापन एवं बॉयोमेट्रिक कैप्चर रजिस्ट्रेशन डेस्क पर, द्वितीय बॉयोमेट्रिक परीक्षण परीक्षा कक्ष/ लैब में प्रवेश के समय वीक्षक द्वारा किया जायेगा। तृतीय बॉयोमेट्रिक परीक्षण परीक्षा समाप्ति उपरांत वीक्षक द्वारा किया जावेगा। अभ्यर्थी का लैब नम्बर का एवं सीट नं. का आवंटन रजिस्ट्रेशन के समय प्रथम बायोमेट्रिक पद्यति की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात प्राप्त होगा। द्वितीय बॉयोमेट्रिक प्रक्रिया के उपरांत परीक्षा समाप्ति तक अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष/ लैब छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी का आधार लॉक होने की स्थिति में उसके द्वारा आधार ऑनलॉक किया जाकर आधार सत्यापन उपरांत परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा एवं लगातार पुलिस की पेट्रोलिंग भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को शांति एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किया जा रहे हैं उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था सुचारू हो इसके लिए भी लगातार ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से कार्य किया जाएगा श्री सिन्हा ने बताया कि परीक्षा अवधि के दौरान लगातार सर्चिंग भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्र पर केवल प्रवेश पत्र धारी को ही प्रवेश दिया जाएगा।




### विविः पाण्डुलिपि संरक्षण के लिए संस्कृत विभाग का संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एमओयू

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, संस्कृत विभाग के अंतर्गत संचालित पांडुलिपि संस्थान का संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के साथ नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में एमओयू संपन्न हुआ । संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के ज्ञानभारतम के मंच पर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए ।विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सावन कुमारी ने कार्यक्रम में उपस्थित रही । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस एमओयू से भारतीय भाषा संस्कृत की दुर्लभ पाण्डुलिपियों का संरक्षण बेहतर तरीके से किया जा सकेगा । संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेन्द्र यादव ने बताया कि उक्त एमओयू के बाद विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग के अंतर्गत संचालित पांडुलिपि संस्थान को पांडुलिपियों के डिजिटिलाइजेशन एवं प्रकाशन आदि के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी ।



### संविदा शाला शिक्षकों ने मंत्री राजपूत को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** संविदा शाला शिक्षक वर्ग 03 के शिक्षकों द्वारा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निज निवास पहुंचकर उन्हें अपनी मांगों को लेकर अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा हैं। मंत्री राजपूत ने शिक्षकों को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही आपकी मांगों पर नियम अनुसार कार्यवाही की जायेगी। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को मांगों को लेकर निर्देश दिए की शिक्षकों द्वारा की गई मांगों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।



### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कि नवीन कार्यकारिणी कि हुई घोषणा

**गढाकोटा ।** सागर जिले के गढाकोटा में मंगलवार के दिन अखिल विद्यार्थी परिषद की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा हुई जिसमें अतुल तिवारी महाविद्यालय अध्यक्ष एवं महाविद्यालय मंत्री अनिकेत पटेल को बनाया गया। उपाध्यक्ष का दायित्व बहन सलोनी राजपूत, रमन श्रीवास्तव, स्वदेशी विश्वकर्मा, राजू पटेल को दिया गया। सह मंत्री आयुषी कुर्मी, रिया प्यासी, वरुण अहिरवार, खेमचंद अहिरवार एसएफडी प्रमुख मनोरामा अहिरवार, सहप्रमुख अनुराग यादव, एसएफएस प्रमुख रोहित कुर्मी, सह प्रमुख प्रशांत चाचोदिया, खेलो भारत प्रमुख अर्चित शर्मा सह प्रमुख वर्षा कोरी, आर.के.एम प्रमुख दीप्ति चढ़ार, शाहपुर महाविद्यालय प्रमुख महेंद्र राठौर सह प्रमुख साकेत खंगार को बनाया गया। सभी कार्यकर्ताओं की घोषणा नगर अध्यक्ष बृजेंद्र दांगी ने की। सागर विश्वविद्यालय अध्यक्ष एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत कुर्मी, नगर मंत्री ओम तिवारी, सह मंत्री धनंजय चौधरी, सह मंत्री मुस्कान सोनी, सह मंत्री राजनंदनी राय एवं महाविद्यालय के प्रमुख महेंद्र राठौर एवं नगर कार्यकारिणी उपस्थिति रही।

## महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद पर चयन हेतु रायशुमारी करने पर्यवेक्षक ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संगठन सृजन अभियान के तहत महिला काँग्रेस जिला अध्यक्ष पद के चयन के लिए दमोह सें पधारी महिला कांग्रेस सागर जिला पर्यवेक्षक रजनी ठाकुर नें आज राजीव गाँधी कार्यालय, तीन बत्ती, सागर में जिला स्तरीय महिला कांग्रेस की बैठक कर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शहर एवं ग्रामीण पद के लिए रायशुमारी की । जिसमे अध्यक्ष पद के लिए इक्छुक महिला कांग्रेस सें जुडी पदाधिकारियों नें अपने बायोडाटा पर्यवेक्षक ठाकुर के समक्ष प्रस्तुत किये। स्वागत उदवोधन कार्यकारी अध्यक्ष पार्षद ऋचा सिंह नें दिया।इस अवसर पर रजनी ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई लड़ी गई। कांग्रेस में महिलाओं का सम्मान है यहां अच्छे काम करने वालों को अवसर दिए जाते हैं। बैठक में बुजुर्ग महिलाओ का पर्यवेक्षक रजनी ठाकुर नें पुष्पाहार सें सम्मान किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष रिचा सिंह गौंड, प्रमिला सिंह डॉ किरण लता सोनी, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव रेखा सोनी, आंचल आठया, पार्षद सुलेखा राय, सीमा चौधरी,नीलोफर चमन अंसारी, रोशनी खान, प्रदेश पदाधिकारी श्रीमती भावना रोहन, पूर्व जिलाध्यक्ष ग्रामीण उमा नवईया, रजिया खान, अर्चना कनौजिया, सोफिया बेगम, मीणा ठाकुर, नसीमा बानो, मीरा अहिरवार पुष्पा रैकवार, उमा चौरसिया, कामिनी पटेल, ममता पटेल, लक्ष्मी पटेल मीना पवन पटेल, उमा पटेल, रौनक आठया, राजलक्ष्मी माही आठिया, कमल रानी, अभिलाषा चौधरी, आशा साहू, रेखा अहिरवार सहित अनेक महिलाओ नें पर्यवेक्षक सें भेंट कर सुझाव दिए।






### विविः कुलपति ने दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के परिपालन में 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर तक विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 आयोजित किया जा रहा है जिसकी थीम 'सत्यनिष्ठा : हमारी साझा जिम्मेदारी' है। इसी क्रम में 28 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11:30 बजे, विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन प्रांगण में कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। हमारा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी सम्बंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है । इस अवसर पर कुलपति ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे साप्ताहिक कार्यक्रम के पोस्टर का भी विमोचन किया । इस साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे । शपथ ग्रहण के अवसर पर प्रो. रणवीर सिंह, प्रो. नागेश दुबे, प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, प्रो. अनिल जैन, प्रो. एम. एल. खान, प्रो. राजेन्द्र यादव, प्रो. आर. टी. बेद्रे, प्रो. केशव टेकाम, डॉ मोहन टी ए उपकुलसचिव सतीश कुमार सहित कई शिक्षक, अधिकारी एवं छात्र उपस्थित रहे ।

## पांच डेयरी संचालकों ने निर्धारित समय में डेयरी विस्थापित करने की सहमती दी

# निगमायुक्त खत्री ने तिलकगंज शुक्रवारी वार्ड में निरीक्षण कर संचालित डेयरियों को तत्काल शहर से बाहर करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने मंगलवार को तिलकगंज शुक्रवारी वार्ड का निरीक्षण कर यहां संचालित विभिन्न डेयरियों को देखा और सभी डेयरियों को तत्काल शहर से बाहर ले जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मंगलवार को तिलकगंज शुक्रवारी वार्ड की 6 बड़ी डेयरियों का निरीक्षण किया। कान्हा डेयरी, शंकर ग्यारसी डेयरी, राजू यादव डेयरी, बबलू यादव डेयरी, तिलक घोषी डेयरी और जानू यादव डेयरी संचालकों से संवाद किया। इसमें से 5 डेयरी संचालकों ने अपनी अपनी डेयरियां निर्धारित समय पर शहर से बाहर विस्थापित करने हेतु सहमति दी और एक डेयरी संचालक राजू यादव तिलकगंज पर एफआईआर कराने के निर्देश निगमकर्मियों को दिये।

निगमायुक्त ने कहा की शहर की स्वच्छता, सुंदरता के साथ शहर विकास और पशुओं से लोगों की सुरक्षा के लिए डेयरी विस्थापन आवश्यक हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान तिलकगंज की नालियों में बहता गोबर और पानी देखकर कहा की शहर की डेयरियों में बड़ी मात्रा में जानवरों का गोबर मलमूत्र आदि सीधे नालियों में बहा दिया जाता है। यह गोबर बहुत ही कठोर रूप में जम जाता है जिससे विभिन्न प्रकार की हानिकारक गंध, नाली जाम, मच्छर मक्खीयां और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं जो की शहर की स्वच्छता में तो बाधक हैं ही साथ ही साथ नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी हानिकारक प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा की सागर शहर को स्वच्छता में अब्बल बनाने, शहर की सुंदरता को बनाये रखने, पशुओं के सड़कों पर खुले में विचरण से होने वाली यातायात समस्या समाप्त करने और नागरिकों को स्वास्थ्य समस्या होने से बचाने जैसे विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए महत्वकान्छी डेयरी विस्थापन परियोजना हफसिली के शतप्रतिशत प्रभावी संचालन हेतु प्रत्येक पशु डेयरी को शहर से बाहर करने की कार्यवाही लगातार की जायेगी।



नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने स्वयं विभिन्न डेयरी पर पहुंचकर शहर के डेयरी संचालकों से बातचीत की और हफसिली में उन्हें प्लॉट आवंटन की जानकारी ली उन्होंने शहर से डेयरी विस्थापित करने पर प्लॉट आवंटन सहित अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति का आश्वासन देते हुए कहा की डेयरी संचालकों को बार-बार समझाइस देने के बाद अब कड़ा रुख अपनाया गया है। उन्होंने कहा की पशु विचरण मुक्त सागर बनाने का मैराथन प्रयास एक बार पुनः प्रारम्भ किया गया है और यह प्रयास अंतिम डेयरी के शहर से बाहर होने तक जारी रहेगा। शहर के हित में नगर निगम का सहयोग करने वाले प्रत्येक डेयरी संचालक की विभिन्न मूलभूत आवश्यकताओं में निगम प्रसासन पूरा सहयोग करेगा।

उन्होंने निगमकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा की डेयरी बाहर करने हेतु उक्त सभी डेयरी संचालकों को दिये गए समय अनुसार डेयरी शहर से बाहर कराना सुनिश्चित कराएं। शहर की प्रत्येक डेयरी विस्थापित कराने में निगम प्रशासन योजनाबद्ध तरीके से काम करे। निगम प्रशासन डेयरी शहर से बाहर कराने हेतु समस्त डेयरी संचालकों का सहयोग करेगा और जहाँ आवश्यकता होगी तो कड़ाई का रुख भी अपनायेगा। डेयरियों का शहर से बाहर होना डेयरी संचालकों, नागरिकों, पशुओं और हमारे शहर सभी के हित में है।



### कलेक्टर ने जनसुनवाई में आवेदकों को सुना व त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर ने आज आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे आवेदकों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया। उन्होंने आवेदकों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों पर सतत निगरानी रखी जाएगी और जल्द से जल्द उनका निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि शिकायतों का निपटारा पारदर्शी और तेजी से हो। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर दो धड़ों में मिला युवक का शव स्कूटी भी मिली

**ललितपुर।** ललितपुर-बीना रेल मार्ग पर एक छात्र का शव दो टुकड़ों में मिलने से हड़कंप मच गया। रेल पटरियों के पास उसकी स्कूटी भी मिली है, जिससे आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना रविवार रात करीब 9 बजे ललितपुर स्टेशन के आगे पुरानी मालगोदाम के आउटर के पास खंबा नंबर 1036/12-14 के बीच हुई। ट्रेन चालक ने सबसे पहले शव देखा और स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी, जिन्होंने आगे कोतवाली पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कोतवाली सदर क्षेत्र के गल्ला मंडी निवासी 22 वर्षीय संस्कार संज्ञा पुत्र आनंद संज्ञा (राजू) के रूप में की। सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि संस्कार अपनी दो बहनों में इकलौता भाई था और स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। पुलिस को घटनास्थल से कुछ दूरी पर संस्कार की स्कूटी भी मिली है। छात्र द्वारा आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### रंजिश के चलते घर में घुसकर सरियों से जानलेवा हमला

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर चण्डी मंदिर के पास रहने वाली राजकुमारी पत्नी राजीव कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 25 अक्टूबर को रात करीब 10 बजे उसे व उसके परिवार में लड़के निखिल को हेमन्त पाल, पिन्टू पाल, उदय पाराशर ने एकराय होकर घर में घुसकर गालियां दीं। मना करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व सरियों से मारपीट कर दी, जिससे उसके पुत्र को हाथ-पैर व पीठ, सिर में गंभीर चोटें आयीं है। महिला ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते किये गये जानलेवा हमले में उसका पुत्र लहुलुहान हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह भी बताया कि उसके पुत्र लखन को भी जान से मारने की धमकी दी गयी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व 333 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ढाबा बंद करके बुदावनी की ओर घर जा रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना तालबेहट अंतर्गत ग्राम बुदावनी निवासी सतेन्द्र पुत्र महेश राजपूत ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते शनिवार को रात करीब 11 बजे वह अपने ढ़ाबा को बंद करके अपने घर बुदावनी की ओर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में ग्राम सेरवास के पास सैय्यद खान पुत्र सत्तार खान, राजा सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, सूरज सिंह पुत्र शंकर ठाकुर ग्राम तेरई मिले और कहने लगे कि कुछ दिन पहले उसकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी थी। इसी बात को लेकर गालियां देने लगे। जब उसने मना किया तो मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।-

### खिरकापुरा में युवक से गाली गलौज कर की मारपीट

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला खिरकापुरा निवासी शीला कुशवाहा पत्नी स्व.मुन्नालाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके पुत्र धर्मेंद्र कुशवाहा पुत्र मुन्नालाल को बीती 26 अक्टूबर को शाम करीब 8.20 बजे हरदास कुशवाहा, जसरथ, कान्हा पुत्रगण हरदास कुशवाहा, दीपक कुशवाहा पुत्र जसरथ ने अपने परिवार के साथ एकराय होकर उसके पुत्र को गालियां दीं और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### श्रावकों ने व्रत ग्रहण कर आचार्य श्री से ग्रहण की पुरानी पिच्छिका

# मोक्ष मार्ग प्रशस्त करती संयम साधना की प्रतीक मयूर पिच्छिकाः निर्भयसागर





**अभिनंदनोदय तीर्थ में प्रभावना पूर्वक हुआ आचार्य श्री ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अभिनंदनोदय तीर्थ पर वैज्ञानिक संत निर्भयसागर महाराज ससंघ का पिच्छिका परिवर्तन दिगम्बर जैन पंचायत के तत्वावधान में प्रभावना पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें श्रावकों ने संयम व्रत के साथ मुनि संघ की पुरानी पिच्छिका आशीर्वाद के साथ ग्रहण की और नवीन पिच्छिका गुरु चरणों में समर्पित की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मध्यान्ह में मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण से हुआ इसके पूर्व में आचार्य श्री के चित्र का अनावरण एवं दीपप्रज्जवलन पुण्यार्जक परिवारों ने किया। आचार्य श्री के पादप्रच्छालन कपूरचंद लागौन एवं विपिन जैन मुम्बई ने किया। आचार्य श्री की संगीतमय पूजन भक्तिपूर्वक श्रद्धालुओं द्वारा की गई जिसमें रोचक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही जो उपस्थित जनसमुदाय द्वारा सराही गई। आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज ने पिच्छिका परिवर्तन को संयम का दिवस बताते हुए कहा इसमें जहां श्रावक संयम के व्रत लेकर धर्म एवं संस्कारों से जुडता है और मुनिराज द्वारा तप और त्याग के दौरान उपयोग में लाई गई संयम का प्रतीक पुरानी पिच्छिका ग्रहण करता है। जो श्रावक के लिए यह असीम पुण्य का कारण बनती है। साधू जीवन में पिच्छिका को अभिन्न बताते हुए आचार्य श्री ने कहा यह जीवन को सन्मार्ग में लगाने के लिए माध्यम बनकर मोक्ष के मार्ग को प्रशस्त करती है। श्रावकों ने व्रत संयम ग्रहण करने के उपरान्त भक्तिपूर्वक नवीन पिच्छिका आचार्य को प्रदान की।

मुनि संघ में आचार्य श्री की पुरानी पिच्छिका ग्रहण करने का पुर्याजन ब्रहमचारी प्रमोद जैन आरसीएम आगरा को मिला जबकि संधस्थ मुनि शिवदत्त सागर महाराज, मुनि सुदत्त सागर महाराज, मुनि मूदत्त सागर महाराज, मुनि पदगदत्य सागर महाराज मुनि गुरुवत्त सागर महाराज, मुनि मेघदत सागर महाराज, मुनि वृषभदत्त सागर महाराज, छुल्लक चन्ददत्त सागर महाराज एवं श्रीदत्तसागर महाराज की पुरानी पिच्छिका सविता राहुल जैन छीपीटोला आगरा, विद्या मुकेश लोहिया, रेखा अनिल पंसारी, पदमा अभिनंदन पंसारी, पद्मा गौरव सिंघई, ममता देवेन्द्र जैन, सुमन अशोक जैन खजुरिया को मिला जिसकी अनुमोदना उपस्थित जनसमुदाय ने जयजयकारों से की। संयम महोत्सव में आमंत्रित अतिथियों का दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष डा अक्षय टड़या, सनत जैन खजुरिया, कैप्टन राजकुमार जैन, प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक जैन दैलवारा द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया। कार्यकम में प्रमुख रूप से नगरपालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोनाली जैन के अतिरिक्त श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा अखिलेश गदयाना, राजेन्द्र जैन थनवारा, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, मुन्ना लाल जैन अभिलाषा, सतीश नजा, अजय जेन गगचारी, मनोज जैन बबीना, आनंद जैन भावनगर, सतीश जैन बंटी बजाज, अरविन्द जैन आप्टीकल्स, जितेन्द्र जैन सजल जैन जौली आदि मौजूद रहे।

---

### ग्रामीणों ने उठाया बीड़ा

## कलेक्टर व एसपी से मांग, गांव में बंद हो अवैध शराब की बिक्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आबकारी विभाग द्वारा समय-समय पर कच्ची शराब पान नियंत्रण के लिए अभियान चलाए जाते हैं मगर यह अभियान सरकारी दस्तावेजों में सिमट कर रह जाते हैं । जबकि वास्तविक हकीकत कुछ और होती है जब-जब ग्रामीण महिलाएं अपनी दुख भरी दास्ता लेकर जिला प्रशासन तक आती है तो जिला प्रशासन आबकारी विभाग पर कच्ची शराब बिक्री पर रोक लगाने का दवाव बनती है तब नाम मात्र के लिए शराब बिक्री पर दबिश देकर समाचारों में सुर्खियां बटोर कर कार्य इति श्री कर लेते हैं जबकि आमजन के साथ परिवार की महिलाएं इसकी कच्ची शराब से होने वाली पारिवारिक बर्बादी की शिकार हो रही है खाते पीते बर्बाद शराब के कारण बर्बाद हो रहे हैं कई गांव में तो स्थिति यह है कि कच्ची शराब के कारण विधवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और अधिकांश परिवार गांव के शराब के ठेकेदारों के यहां गिरवी भी रखे हैं शराब से होने वाली बर्बादी के मंजर को आबकारी विभाग सिर्फ अपनी धन बिपाशा की पूर्ति में लगी रहती है अक्सर जिलाधिकारी के पास ग्रामीण महिलाएं शराब की बर्बादी के दस्त लेकर आवेदन करके चली जाती है हाल ही में मथुरा सेमराडन की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक को गांव में बिकने वाली कच्ची और अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए आवेदन किया है देखने की बात यह है पुलिस अधीक्षक पुलिस आबकारी विभाग से इस अवैध कच्ची और पक्की शराब बिक्री के रोकने के लिए कितने संवेदनशील है।

---

**युवा ब्राह्मण को जोड़ने का बनाएं लक्ष्य**

## अखंड ब्राह्मण महासभा दिसंबर में करेगी महासमागम



**ललितपुर।** अखंड ब्राह्मण महासभा की बैठक हनुमान धारा मंदिर में आयोजित की गई जिसमें आगामी 21 दिसम्बर को होने वाले ब्राह्मण समाज की महा समागम समारोह की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। सभी विप समाज की युवा बुजुर्गों और मार्गदर्शक ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम को दिव्य और भव्य बनाने के दिशा में अपने सुझाव दिए तथा आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ने अपने अपने दायित्व का निर्वहन करने का संकल्प लिया। साथ ही जिले की सभी तहसीलों एवं ग्रामीण ,ब्लॉक स्तर के ब्राह्मण समाज के उत्साही युवा मातृशक्ति ने भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में अपने अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने विचारों पर कोर कमेटी ने सहमति देते हुए कहा कि हर गांवों एवं शहर में समस्त बिप्र ब्राह्मणों तक पहुँचाने के लिए कहा। आगामी 21 दिसम्बर के कार्यक्रम में अखण्ड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संगठन प्रमुख एवं झांसी मण्डल से कई पदाधिकारी गढ़ शामिल होंगे। 21 दिसम्बर के कार्यक्रम में समस्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र अतिथियों के द्वारा वितरित किया जाएगा। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में सियाराम श्रृंगीऋषि, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने अपने विचार रखे। इस मौके में दीपक नायक सौरभ कौशिक,प्रमोद कांकर हरेंद्र रिछारिया, गोपाल दुबे संजू पटेरिया ब्लॉक अध्यक्ष तालबेहट आदि लोग मौजूद रहे।

---

### विद्यालयी छात्राओं को सुरक्षा को लेकर अपराधों के बारे में बताया

## महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में जिले में संचालित मिशन शक्ति फेज-0.5 अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियों टीम द्वारा बस अडडों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीडन से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की।

इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच-बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया। महिलाओं, बालिकाओं को बताया गया कि बस, रास्तों, सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफआईआर के लिए जागरुक किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का सावधानी से उपयोग करने एवं इसके माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दे कर जागरुक किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हैल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।



---

### कई कंपनियां करेंगी भागीदारी

## पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय में रोजगार मेला लगेगा आज

■ रोजगार मेले का आयोजन 29 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला सेवायोजन अधिकारी आकांक्षा यादव ने बताया कि युवक एवं युवतियों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी जनपद-ललितपुर में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन 29 अक्टूबर, को प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा। वृहद रोजगार मेले में 1-आर्केटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेन्ट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 2-हेडलाइन डिजीटल फ्यूचर कन्ट्रोल इण्डिया प्रालि में बीपीओ टेलीकॉलर ऑफिस असिस्टेंट पद हेतु 30 रिक्तियां 3-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 4-जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 5-हंसवाहिनी एम्प्लाइमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में ऑफिस मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव पद हेतु 65 रिक्तियां 6-आरके इलेक्ट्रॉनिक्स में डेटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 140 रिक्तियां 7-श्री गनेशा कंसल्टेंट एण्ड मैनपावर सर्विसेज में लॉन ऑफिसर पद हेतु 80 रिक्तियां 8-आरएसवीज्वाइन इंडिया प्रालि में ऑटोमोबाइल सॉल्यूसन टेक्नी पद हेतु 500 रिक्तियां 9-फ्रीडम एम्प्लॉयबिल्टी एकेडमी में टीचर पद हेतु 25 रिक्तियां 10-पटेल बायो फर्टिलाइजर में सेल्स मेन पद हेतु 15 रिक्तियां 11-पुखराज हेल्थ केयर प्रालि में फील्ड एक्सक्यूटिव पद हेतु 50 रिक्तियां 12-एसआईएस प्रालि नीमच मप्र में सिक्यूरिटी गार्ड पद हेतु 100 रिक्तियां 13-सेकमैन सर्विस प्रालि में एमटीएस पद हेतु 20 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियॉ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमें शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियॉं रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे फोनकॉल को सत्य मानकर पैसे ऑनलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करें तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

---

## स्वयं सेवक हाथ मे ध्वज दंड व घोष करते चले

### आरएसएस शिवजी बस्ती बजरंग शाखा ने निकाला पथ संचलन



**ललितपुर।** संघ शताब्दी वर्ष के रूप में ललितपुर में तालाबपुरा स्थित डोंडाघाट शिवजी वस्ती बजरंग शाखा का पथ संचलन निकाला गया जिसमें स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश में हाथ मे दंड लेकर घोष करते निकले जगह-जगह लोगो ने पुष्पवर्षा कर स्वयं सेवकों का स्वागत किया। इस मौके पर नगर कार्यवाह रामकुमार नामदेव, जिला व्यवस्था प्रमुख प्रताप गुप्ता, सह वैदिक प्रमुख इंदर पटेल, मुख्य वक्ता छक्कीलाल साहू, हर्ष नामदेव, कैलाश, विनोद, रमेश सिंह, सपन मोहनी, भरत पुरोहित, रविन्द्र जैन, कृष्णकांत साहू, मनोज साहू, छोटू, अभय नामदेव आदि स्वयं सेवक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

### जिला कांग्रेस की बैठक संपन्न

## अब अनुशासन समिति निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को करेगी चिन्हित

**ललितपुर।** कांग्रेस कमेटी बैठक जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में कोर कमेटी सदस्यों ने कई अहम फैसले लिए गए जिस में जो पदाधिकारी निष्क्रिय है। उन पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए अनुशासन समिति का गठन किया गया। बैठक सभी नगर अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए गए वह शीघ्र बूथ कमेटी बना कर आपने आपने प्रभारियों दे दें और नगर अध्यक्ष ललितपुर, पाली, महरौनी और तालबेहट अपने अपने वार्ड कमेटियां, बूथ कमेटी अति शीघ्र बनाकर भिजवाए। यदि कोई पदाधिकारी शीघ्र कमेटी बना कर नहीं देता तो उस पर प्रदेश स्तर से कार्यवाही की जा सकती है। बैठक में अनुशासन समिति का भी गठन किया गया, जिसमें अनुशासन समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी को बनाया गया। बैठक में संगठन को गति देने के लिए शशिकांत दीक्षित को नगर क्षेत्र का प्रभारी व मु.इमरान को ब्लाक बिरधा का प्रभारी नियुक्त किया गया। संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज हुडैत ने किया। बैठक में पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह, शशिकांत दीक्षित, संजीव चैरसिया, मु.इमरान, रामसिंह यादव, खलक सिंह उपस्थित थे।

---


### गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर आयोजित की गई परिचर्चा

# अन्याय, असत्य के विरुद्ध विद्यार्थी की पत्रकारिता की मशाल मंद नहीं हुई, शब्द गुलामी के गाल पर तमाचे से पड़ते थेः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गणेश शंकर विद्यार्थीजी की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि महान साहित्यसृष्टा तथा हिन्दी पत्रकारिता के तपते सूर्य गणेश शंकर विद्यार्थी के शब्द गुलामी के गाल पर झन्नाटेदार तमाचे की तरह पड़ते थे।

विरासत में तिलक और गांधी से मिली अन्याय और असत्य के विरुद्ध आग बरसाने वाली पत्रकारिता की मसाल लेकर चलने वाले विद्यार्थी जी की जोशीली ललकार सर्वत्र दिखाई देती है। यहां तक कि अपने प्रताप अखबार में सह संपादक की नौकरी चाहने वालों के लिए अपने रिक्ति विज्ञापन का प्रारूप भी वे इस तरह छापते हैं दो वक्त का भोजन। साल के दो कुर्ते। दो धोतियां तथा सदा एक पैर जेल में रहने की स्थिति जिसे मंजूर हो, आवेदन करे। उक्त विज्ञापन को पढ कर



सरदार भगतसिंह और चन्द्रशेखर आजाद ने अपनी दरख्वास्त लगाई और सहर्ष उनका चयन कर लिया गया। अखबार का दफ्तर क्रान्तिकारियों के लिए भारत माता मंदिर तीर्थ बन गया। विद्यार्थी जी की शहादत पर स्वाधीनता संग्राम के महानायक गांधी ने कहा था, ऐसा सौभाग्य मैं चाहता हूँ। मुझे इस बहादुर सपूत से इसीलिए ईर्ष्या हो रही है। समाचार पत्र का लक्ष्य अन्याय के साम्राज्य से छुटकारा दिलाना है।

### सत्य के सूर्य को और ज्यादा देर तक ढके नहीं रह सकते

प्रत्येक मनुष्य जो लाचारी की जंजीरों में जकड़ा हुआ है, उसे तोड़ फेंकने की झनझनाहट अखबारों के स्तम्भों के शब्दों से सुनाई देती रहना चाहिए। आज अखबारों की स्याही और इलेक्ट्रानिक मीडिया के बिजली से आलोकित अक्षरों के कारण मीडिया का चौथा खम्भा इतना शक्तिशाली हो चुका है कि यदि जनमत को अन्य तीन खम्भे किंचित झपकी भरते नजर आ भी जायें तो उन्हें पल भर में जगाते देर नहीं लगती। संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लिए विद्यार्थी जी का प्रदेय ध्रुवतारे की तरह सघन अंधकार के मध्य अपना ऐसा आलोक बिखेर रहा है कि अनौचित्य के बादल सत्य के सूर्य को और ज्यादा देर तक ढके नहीं रह सकते। इलाहाबाद में सरस्वती और अभ्युदय के कार्यालय में बैठकर या कानपुर में प्रताप अखबार के लिए, उनकी कलम से जो शब्द फूल की तरह झरे या अंगारे बनकर बरसे, वे कभी निर्जीव नहीं रह सकते हैं। भारत शब्दों को ब्रह्म मानता है। साहित्य निर्माता होने के नाते उनके शब्द ब्रह्म जैसी व्यापकता और गहराई के कारण पत्रकारिता विज्ञान के लिए सदा सार्वदेशिक रहेंगे। रूसी क्रान्तिदर्शी कवि माया कोवस्कीं का यह कथन विद्यार्थी जी पर एकदम सटीक बैठता है कि किसी कलमकार की ताकत इसलिए मत आंको कि भविष्य में लोग, हिचकियों के साथ उसे याद करते हैं, नहीं, आज भी उसका एक शब्द, एक आलिंगन है, और एक नारा और एक संगीन और एक कोड़ा।

## तीसरे दिन भी बंद नहीं हुई बारिश, बडौदा क्षेत्र के गांवों में पहुंचे कलेक्टर

# युद्ध स्तर पर सर्वे शुरू, एक सैकड़ा से अधिक अधिकारी हल्कों में तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों के नुकसान का आंकलन करने के लिए युद्ध स्तर पर सर्वे शुरू हो गया है। इसके लिए एक सैकड़ा से अधिक अधिकारियों की ड्यूटी विभिन्न पटवारी हल्कों में लगाई गई है जो पटवारी, पंचायत सचिव, कृषि विभाग के कर्मचारियों के साथ मैदानी अमले के साथ सर्वे में सहयोग करेंगे। जिन अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी सर्वे में लगाई गई है उन्होंने दिन भर में क्या काम किया इसकी समीक्षा भी कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा रोजाना की जाएगी और उससे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराया जाएगा। उधर रविवार से शुरू हुई बारिश से मंगलवार को भी राहत नहीं मिली। अलबत्ता जिले के अधिकारी और कर्मचारी मंगलवार को भी नुकसान का जायजा खेतों में पहुंचकर लेते दिखाई दिए। जबकि कलेक्टर अर्पित वर्मा मंगलवार को बडौदा क्षेत्र के गांवों में फसल नुकसान का जायजा लेने के लिए पहुंचे।

तीन दिनों से हो रही बारिश ने धान की फसल को बुरी तरह बर्बाद कर दिया है कई खेतों में धान के पौधों को काटकर किसानों ने उनका गट्ठर बनाकर खेतों में रख छोड़ा था जिससे धान निकली जानी थी लेकिन उससे पहले ही बारिश में उन्हें डुबोकर खेतों में ही उनको दफन कर दिया। कई खेतों में धान के ढेर भीग कर खराब हो गए। स्थिति यह हो गई कि एक सैकड़ा से अधिक पटवारी हलकों में खड़ी धान की फसल चौपट हो गई। चारों ओर किसानों में मातम सा छाया हुआ है किसानों के आंसू पोंछने के लिए सोमवार को श्योपुर पहुंचे सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने बर्बाद हुई फसल के एक-एक दाने का मुआवजा दिलाने का भरोसा किसानों को दिलाया था उधर कलेक्टर अर्पित वर्मा रविवार से ही सक्रिय हो गए उन्होंने सभी हल्का पटवारियों को रविवार को ही खेतों में पहुंचकर नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दे दिए थे कि वह अपने-अपने हल्को में पहुंचकर नुकसान का आकलन करें और जानकारी से अवगत कराएं। कलेक्टर खुद लगातार अधिकारियों के साथ गांव में पहुंचकर भ्रमण कर रहे हैं और राजस्व एवं कृषि अधिकारियों के साथ-साथ किसानों से चर्चा कर रहे हैं।



### कलेक्टर ने किसानों को दिलाया भरोसा, बोले नुकसान की होगी पूरी भरपाई

कलेक्टर अर्पित वर्मा मंगलवार को बडौदा तहसील क्षेत्र के गांव बोरदादेव और कलमुंडा गांव के हार में बारिश से बर्बाद हुई धान की फसल का जायजा लेने के लिए पहुंचे। खेतों में धान की फसल को देखते हुए कलेक्टर ने किसानों के साथ चर्चा की। इस दौरान किसानों ने कलेक्टर को बताया कि भले ही धान के पौधे खड़े दिखाई दे रहे हों लेकिन भीगने से धान काली पड़ गई है अगर आसमां खुल गया तो इसे सुखाकर बेचा जा सकता है लेकिन कीमत आधी से भी कम मिलेगी। इस पर कलेक्टर ने किसानों को भरोसा दिलाया कि किसानों को उनके नुकसान की पूरी भरपाई की जाएगी। इसके लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे। किसान संयम बरते,फिलहाल फसल में हुए नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है।इसके लिए अधिकारियों को फील्ड में उतार दिया गया है। नुकसान की सर्वे रिपोर्ट आते ही मुआवजा दिलाए जाने संबंधी कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

### दो दिन में बरसा 109 मिमी पानी, अक्टूबर में पहली बार हुई इतनी बारिश, नदी नाले उफने

पिछले तीन दिनों से जिले में बारिश का दौर जारी बना हुआ है। यह श्योपुर जिले के इतिहास में पहला अवसर है,जब अक्टूबर में बारिश होने से नदी नालों में उफान आ गया है। सीप नदी का जल स्तर बढने से जहां बंजारा डैम में ऊफान आ गया है। वहीं मानपुर का रपटा डूबने से मानपुर ढोढर मार्ग बंद हो गया है। उधर भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बीते दो दिन में श्योपुर जिले में 109 मिलीमीटर बारिश हुई है। इस दौरान सबसे अधिक बारिश श्योपुर और बडौदा तहसील क्षेत्र में हुई है। रविवार को सुबह 8 बजे से सोमवार की सुबह 8 बजे तक 24 घंटे के दौरान जहां 17.40 मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं सोमवार की सुबह 8 बजे से मंगलवार की सुबह 8 बजे तक 91.80 मिलीमीटर बारिश हुई है। जिसे मिलाकर इस साल जिले में औसत बारिश का आंकडा 1626 मिलीमीटर पर पहुंच गया है। एक सीजन में इतनी बारिश श्योपुर जिले में पहले कभी नहीं हुई है।

### बीते 24 घंटे में हुई बारिश की स्थिति

| तहसील | बारिश |
|---|---|
| श्योपुर | 112 मिमी |
| बडौदा | 120 मिमी |
| कराहल | 100 मिमी |
| विजयपुर | 85 मिमी |
| वीरपुर | 42 मिमी |
| कुल औसत | 91.80 |

## तम्बाकू मुक्त अभियान के तहत अंर्तविभागीय कार्यशाला आयोजित

# अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों को तम्बाकू मुक्त बनाएं: अपर कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सभी विभागीय अधिकारी अपने अपने कार्यालयों में तम्बाकू सेवन को निषेध करने के साथ ही तम्बाकू मुक्त कार्यालय बनायें और इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें। यह बात अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कलेक्टर सभाकक्ष में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान अंतर्गत अंर्तविभागीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने निर्देश दिये कि विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने विभागीय कार्यो के भ्रमण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रो में ग्रामीणों को धुम्रपान नही करने के प्रति जागरूक करें। तम्बाकू युक्त उत्पादो के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताये तथा इससे स्वास्थ्य और परिवार पर पडने वाले विपरित प्रभावों के संबंध में जागरूक करें। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि स्कूलो के आसपास तम्बाकू युक्त उत्पादों का विक्रय प्रतिबंधित है। इस पर कडाई से अमल किया जायें, सभी स्कूलो, शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाया जायें।

### सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर जुर्माने का प्रावधान

नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा ने बताया कि तम्बाकू के उपयोग नियंत्रण करने हेतु कानून कोटपा 2003 बनाया है जिसकी धारा 4 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान नहीं कर सकता है ऐसा करते हुए पाए जाने पर 200 रूपये तक जुर्माना है, धारा 5 के तहत तम्बाकू उत्पादों के प्रचार प्रसार हेतु विज्ञापन, प्रयोजन एवं प्रोत्साहन निषेध है धारा 6अ के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के अव्यस्क को उनके द्वारा किसी प्रकार के तम्बाकू पदार्थ को खरीदना व बेचना प्रतिबंधित है।

### तंबाकू के सेवन से हर साल होती है 13.5 लाख मौते

तम्बाकू मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप शर्मा ने तम्बाकू मुक्त अभियान के तहत प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया कि तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 9 अक्टूबर से 9 दिसम्बर 2025 तक कुल 60 दिवस के लिए चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभागीय साप्ताहिक जन जागरुकता गतिविधि आयोजित की जा रही है। उन्होने कहा कि तम्बाकू के सेवन से प्रति वर्ष भारत में 13.5 लाख मौतें होती है, तम्बाकू केंसर, हार्ट सम्बन्धी बीमारियों ,मधुमेह ,दीर्घकालिक फेंफेड़े की बीमारी, स्ट्रोक, बांझपन, अंधापन, तपेदिक और मुख सम्बन्धी स्वास्थ्य समस्यों के लिए एक प्रमुख कारक है। सभी प्रकार के केंसर में 2.7 प्रतिशत तम्बाकू सेवन एक कारण है मप्र में 34.2 प्रतिशत तम्बाकू सेवनकर्ता है जिसमे पुरुष 50.2 एंड 17.3 प्रतिशत महिला है।

## भाजपा जिला कार्यालय पर तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के साथ निकाली जाएगी यूनिटी यात्रा: भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 31 अक्टूबर से 15 नवंबर तक श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के साथ विधानसभा स्तरीय यूनिटी यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सभी बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए इस आयोजन को सफल बनाएं।

यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर रन फॉर यूनिटी के आयोजन को लेकर आयोजित बैठक को अध्यक्षता की आसंदी से संबोधित करते हुए कही। भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने बताया कि भाजपा द्वारा 31 अक्टूबर को सुबह 08 बजे पीजी कॉलेज से सरदार बल्लभ भाई पटेल चौक तक रन फॉर यूनिटी दोड़ का आयोजन किया जायेगा जिसमें राष्ट्रीय ध्वज लेकर पार्टी कार्यकर्ता एकता का संदेश देंगे। इसके साथही 31 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक श्योपुर और विजयपुर विधानसभा में गांव गांव में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जायेगा जिसमें समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सामाजिक संगठनो के साथ यात्राओं का आयोजन किया जोगा। इस दौरान सामाजिक संरचना के कार्य जैसे स्वच्छता, नशामुक्ति एवं अन्य आयोजन भी किये जायेंगे एवं विभिन्न प्रतियोगिताऐं भी रखी जायेंगी। भूषण ने कहा कि रन फॉर यूनिटी में स्कूल, कॉलेज के छात्र छात्राओं सहित बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया जाए। बैठक में उपाध्यक्ष ओम राठौर, महावीर मित्तल, जगदीश मिश्रा, जिला महामंत्री अरविंद जादौन, संजय आकोदिया सहित राघवेन्द्र जाट, नरेन्द्र मीणा, दिनेश दुबोलिया सहित कई पदाधिकारी मौजूर रहे।



# बर्धा खुर्द में लगा स्वास्थ्य शिविर 56 रोगियों को मिला उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल विकासखण्ड के ग्राम बर्धा खुर्द में मंगलवार को स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर होम्योपैथी कराहल के तत्वाधान में आयोजित शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ कौशल श्रीवास्तव द्वारा 56 रोगियों की जांच कर उनका उपचार किया गया। शिविर में 13 पुरूष रोगी एवं 43 महिला रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर बीमारी अनुसार निशुल्क दवाएं प्रदान की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों के बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई।

शिविर के माध्यम से उच्चरक्तचाप, मधुमेह, उदर रोग, संधिवात, आमवात, मूत्ररोग, अनिद्रा, अर्श विभिन्न मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी, खांसी, ज्वर, वायरल संक्रमण, दस्त, टाइफाइड, त्वक रोग, एलर्जी, पेटदर्द, सिरदर्द, गले में खराश, आंखों में जलन आदि के मरीजों का उपचार किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को योग प्राणायाम, दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहारचर्या, औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी गई।





### उपचार के लिए कलेक्टर ने दी 5 हजार की सहायता

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम नगदी निवासी हरि सिंह पुत्र भगोली आदिवासी को रेडक्रॉस के माध्यम से 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सचिव दिनेश दुबोलिया भी उपस्थित थे। हरि सिंह आदिवासी ने बताया कि उसकी पत्नि नैनो आदिवासी बीमारी से पीडित है, जिसका उपचार चल रहा है, वर्तमान में आर्थिक स्थिति कमजोर है। इस पर कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

### युवा संगम का आयोजन 31 को

श्योपुर। शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई, ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम का आयोजन जिला पंचायत स्थित निषादराज भवन श्योपुर में 31 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक किया जायेगा। इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों और कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा सेल्समैन, आफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग, ऑटो मोबाइल, एलआईसी अभिकर्ता सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गटकी सल्फास, इलाज के दौरान मौत

**विजयपुर थाना क्षेत्र के बरदुला गांव की घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव बरदुला में मंगलवार को एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच सल्फास की गोलियां गटक ली। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बरदुला निवासी गोरेलाल जाटव 45 वर्ष पुत्र शंकरलाल जाटव ने मंगलवार को अपने घर में सल्फास की गोलियां गटक ली। हालांकि सल्फास क्यों खाई,इसका कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है,लेकिन उसकी हालत बिगडने पर परिजनो को इसका पता चला तो वे उसे तत्काल विजयपुर अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां उसकी स्थिति को देखते हुए उसे ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया,जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लवकुश बने यादव समाज संगठन के प्रदेश युवा महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले लवकुश यादव को यादव समाज (यदुवंशी ) संगठन का युवा प्रदेश महासचिव बना दिया गया है। उनकी यह नियुक्ति यादव समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश यादव के द्वारा की गई है। विजयपुर विकासखंड के ग्राम देवरी निवासी लवकुश यादव को यह नई जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के समाजीय लोगों में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है। लवकुश यादव ने भी इस नई जिम्मेदारी के सौपे जाने पर वरिष्ठ समाजीय पदाधिकारियों का आभार जताते हुए उन्हें विश्वास दिलाया है कि वे उनके द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।




# मुआवजा में लागू हो कमलनाथ सर्वे : जंडेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विधायक बाबू जंडेल ने बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजा में कमलनाथ फार्मूला लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला तो वह किसान हित में आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। यह बात उन्होंने मंगलवार को प्रेमसर क्षेत्र में बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों का जायजा लेने के दौरान कही।

बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों का जायजा लेने के लिए विधायक बाबू जंडेल भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ रोजाना भ्रमण कर रहे हैं और किसानों से हुए नुकसान के बारे में जानकारी ले रहे हैं। विधायक ने कहा कि जब कमलनाथ मुख्यमंत्री थे तब भी इस तरह की आफत किसानों पर टूटी थी पर तब मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किसानों को बिना सर्वे के मुआवजा दिया था। विधायक ने सरकार से मांग कि है कि किसानों को बिना सर्वे मिले मुआवजा दिया जाएगा। 25 हजार रुपए प्रति बीघा मुआवजा राशि दी जाए, एक साल का बिजली बिल माफ़ किया जाए, किसान का केसीसी कर्ज़ माफ किया जाए। वह इस बात को समय आने पर विधानसभा में भी उठाएंगे और सड़कों पर उतरकर मांग करेंगे।



## देव उठनी एकादशी पर रहेगी शादियों की धूम

# २ नवंबर को योग निद्रा से जागेंगे देव साढ़े चार माह बाद फिर से गूंजेंगी शहनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लगभग साढ़े 4 माह से थमी शहनाइयों की गूंज अब 2 नवंबर रविवार से एक बार फिर से सुनाई देने लग जाएगी। 12 जून को गुरु अस्त होने एवं 6 जुलाई से चातुर्मास लगने के साथ जिन शुभ कार्यों पर विराम लग गया था,वे सभी शुभ कार्य अब 2 नवंबर को आ रही देव उठनी एकादशी से फिर से प्रारंभ हो जाएंगे। इसके साथ ही शहर में त्योहारी सीजन के बाद फिर बाजार गुलजार होगा। कपड़ों, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक, आटोमोबाइल आदि दुकानों में विवाह वाले परिवार पहुंचेंगे। मैरिज गार्डेन, होटल, डीजे बैंड एवं कैटर्स सक्रिय हो जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि बाजार में खरीदारी का दौर दिखने लगा है। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान के जागरण के साथ ही धार्मिक और सामाजिक शुभ कार्यों का मुहूर्त प्रारंभ हो जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का पूजन व तुलसी-शालिगराम विवाह किया जाता है और मंदिरों में विशेष सजावट की जाती है। इस साल देव उठनी एकादशी 2 नवंबर को आ रही है और इस दिन सभी शुभ कार्यो की शुरू आत हो जाएगी। इस दिन जिले में बडी संख्या में शादियां होगी और कई नवयुवल शादी के बंधन में बधेगे। उधर बाजार में शादियों का सीजन शुरू होने के पहले रौनक लौट आई है। शादी वाले परिवारों ने मैरिज गार्डन, धर्मशालाओं, बैंड, डीजे और हलवाइयों की एडवांस बुकिंग कर ली है। निमंत्रण पत्रों की छपाई और खरीदारी का दौर तेज हो गया है। इस साल नवंबर में विवाहों का सिलसिला लगातार 14 दिन तक चलेगा। नवंबर और दिसंबर में कुल 17 शुभ मुहूर्त रहेंगे। इसके बाद फरवरी-मार्च में फिर से विवाह कार्यक्रमों का दौर शुरू होगा।



### 15 दिसंबर से 14 जनवरी तक मलमास, नहीं हो सकेंगे विवाह

15 दिसंबर से 14 जनवरी 2026 तक मलमास होने की वजह से विवाह नहीं हो सकेंगे। विवाह मुहूर्त 15 दिसंबर से 4 फरवरी तक भी नहीं होंगे। शुक्र ग्रह के उदित होने के बाद 5 फरवरी से मुहूर्त की शुरुआत होगी।

### नवंबर व दिसंबर माह में विवाह के कई मुहूर्त

पंडितों के अनुसार 2 नवंबर को देव उठनी एकादशी के कारण शहर ही नहीं वरन जिले में बडी संख्या में शादियां होगी। लेकिन इस तिथि के अलावा नवंबर में विवाह बंधन के लिए बहुत अच्छे मुहूर्तों में 7 तारीखें खास हैं। 2, 7, 12, 13, 15, 22 एवं 23 नवंबर को अच्छे मुहूर्त हैं। इसके अलावा दिसंबर में 1, 4, 5 एवं 6 तारीख विवाह बंधन के लिए खास मुहूर्त हैं। पंडितों का कहना है कि 2 नवंबर से 15 दिसंबर तक 15 से अधिक मुहूर्त हैं, उसके बाद 14 जनवरी तक मलमास लग जाएगा।

## बस स्टाफ ने सूझबूझ दिखाते हुए बुझाई आग, टला बड़ा हादसा

# श्योपुर से सबलगढ़ जा रही बस में लगी आग, घबराए यात्री बस से कूदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मंगलवार को चंबल नहर रोड होते हुए श्योपुर से सबलगढ़ के लिए जा रही एक यात्री बस में अचानक आग सुलग उठी। लेकिन यह आग विकराल होकर पूरी यात्री बस को अपनी चपेट में लेती, उसके पहले ही बस स्टाफ ने सूझबूझ दिखाते हुए बस में सुलगी आग को बुझा दिया, लेकिन बस में जैसी ही आग सुलगी, वैसे ही बस में सवार यात्री घबराए गए और कई यात्री चलती बस से नीचे भी कूद गए। आग बुझाने के बाद यात्री दूसरी बस में सवार होकर गतंव्य की ओर रवाना हो गए।

दरअसल रोज की भांति श्योपुर से सबलगढ के लिए जाने वाली यात्री बस जब मंगलवार की दोपहर को बलावनी गांव के आसपास चंबल नहर रोड से गुजर रही थी,तभी चलती बस में अचानक धुआं उठना शुरू हो गया। बस में सवार यात्री कुछ समय पाते,उसके पहले ही बस के अगले हिस्से में आग सुगल उठी। जिसे देखकर कई यात्री घबराकर चलती बस से नीचे कूद गए। इस दौरान बस स्टाफ ने तत्काल बस को रोक दिया और सभी यात्रियों को नीचे उतारकर आग को बुझा दिया। यह आग स्टेयरिंग के निचले हिस्से में सुलगी,लेकिन समय रहते आग पर काबू पाया नहीं जाता तो यह आग विकराल होकर पूरी यात्री बस को अपनी चपेट में ले सकती थी। बस में 45 यात्री सवार थे। इस संबंध में ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि बस में सुलगी आग बुझा दी गई है। कोई हताहत नहीं हुआ है। बस में सवार यात्रियों को दूसरी यात्री बस सें गतंव्य की ओर रवाना कर दिया गया है।



## खबर संक्षेप



### भौंती में युवक बिजली के टॉवर पर चढ़ा

**पिछोर।** जिले के भौंती कस्बे में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक बिजली सब स्टेशन के भीतर लगे टॉवर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही भौंती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। जानकारी के अनुसार, पगरा गांव निवासी वीरेंद्र झा पहले वेल्डिंग की दुकान चलाता था। उस समय उसने 1 किलोवाट के कनेक्शन को बढ़ाकर 5 किलोवाट कराया था। बाद में दुकान बंद होने पर उसने फिर से कनेक्शन 1 किलोवाट का करवा लिया। कुछ समय बाद जब उसने दोबारा वेल्डिंग का काम शुरू करने का फैसला किया और बिजली लोड बढ़ाने के लिए आवेदन किया, तो विभागीय अफसरों ने उसकी सुनवाई नहीं की। वीरेंद्र का आरोप है कि विद्युत विभाग बार-बार पैसे की मांग करता रहा और उसकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी लापरवाही से परेशान होकर वह मंगलवार सुबह करीब 7 बजे बिजली टॉवर पर चढ़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भौंती थाना प्रभारी मनोज राजपूत पुलिस बल के साथ पहुंचे और समझाइश दी। अंततः सुबह 11 बजे युवक को नीचे उतारा गया। पुलिस ने बताया कि युवक को थाने लाकर समझाइश दी गई और बाद में छोड़ दिया गया।

### देवउठनी एकादशी पर विशेष निगरानी अभियान

**शिवपुरी।** कलेक्टर एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा देवउठनी एकादशी के अवसर पर जिले में विवाह आयोजनों की अधिकता को ध्यान में रखते हुए, सभी तहसील व विकासखंडों में विशेष चौकसी एवं निगरानी दल सक्रिय रहेंगे। ग्राम स्तर पर शिक्षक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता,स्व-सहायता समूह सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, पंच, पार्षद एवं सामाजिक प्रतिनिधि मिलकर सूचना तंत्र बनाएंगे। बाल विवाह की किसी भी सूचना को तुरंत दें: कंट्रोल रूमः07492-356963 चाइल्ड हेल्पलाइनः 1098 महिला हेल्पलाइनः 181 पुलिस सहायताः 112 उड़नदस्ते द्वारा लगातार भ्रमण कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी विवाह आयोजन में बाल विवाह न हो। स्कूल, कॉलेज और संस्थानों में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सेवा प्रदाता प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, बैंड, कैटरर्स, परिवहन, धर्मगुरु एवं समाजसेवी संस्थाएँ से अपील है कि विवाह से पूर्व वर-वधु की आयु सत्यापित करें।

### कार और मिनी ट्रक आपस में टकराए

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत गुना अशोकनगर रोड़ पर कार और मिनी ट्रक आपस में टकरा गए। दोनो पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध मामले दर्ज कराए हैं। एक पक्ष की ओर से रोहित सेलर निवासी गुना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वाहन क्रमांक एमपी 06 जीए 2681 के अज्ञात चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी कार में टक्कर मार दी। दूसरे पक्ष की ओर से कुलदीप धाकड़ निवासी केलारस जिला मुरैना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वाहन क्रमांक एमपी 07 सीएच 0732 के अज्ञात चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके निजी ट्रक में टक्कर मार दी।

### अज्ञात बाइक की टक्कर से 5 वर्षीय बालिका की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय के सामने अज्ञात बाईक चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर बृजेन्द्र सिंह चैहान की 5 वर्षीय पुत्री दिव्या चैहान को टक्कर मार दी जिससे बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

### एक और वीडियो कोच बस सड़क से नीचे उतरी, सभी यात्री सुरक्षित

# यात्रियों की जान बचाने वाले प्रधान आरक्षक का एसपी और लायंस क्लब ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

25 अक्टूबर की रात्रि लगभग 07.45 बजे पिछोर से ईसागढ़ होते हुए इंदौर जा रही एक वीडियोकोच बस में अचानक आग लगने की घटना में प्रधान आरक्षक अरबिंद रघुवंशी द्वारा जलती हुई बस से सवारियों को बाहर निकालने में किए गए साहसिक कार्य को लेकर एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने प्रशस्ती पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

कदवाया थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक द्वारा यात्रियों की जान बचाए जाने पर यह साहसिक कार्य किया गया था जिसमें सवारियों को बस के शीशे फोड़कर बाहर निकालने में साहस और समर्पण दिखाया था। जिसके बाद मध्यप्रदेश के पुलिस महा निदेशक कैलाश मकबाना ने उनके इस कार्य की प्रशंसा की थी और अपने एक आदेश में प्रधान आरक्षक अरबिंद रघुवंशी को 10 हजार रूपए के नगर पुरूस्कार भी प्रदान किए जाने की घोषणा की है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी उनके कार्य की सोशल मीडिया पर प्रशंसा की है। जिसे लेकर पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बैठक कक्ष में उन्हें पुरूस्कृत किया गया और प्रशंसा






पत्र प्रदान किया गया।

**लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा बहादुर कांस्टेबल अरविंद रघुवंशी का एसपी कार्यालय में सम्मानः** लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा आज एसपी कार्यालय अशोकनगर में पुलिस विभाग के बहादुर कांस्टेबल अरविंद रघुवंशी का सम्मान किया गया। दो दिन पूर्व इसागढ़ और अशोकनगर के बीच चल रही कमला बख्श ट्रैवल्स की बस में अचानक आग लग गई थी। इस घटना में पूरी बस जलकर खाक हो गई, किंतु कांस्टेबल अरविंद रघुवंशी ने अपनी सूझबूझ और बहादुरी से सभी यात्रियों की जान बचाकर एक मिसाल पेश की। उनकी इस वीरता और मानवता की भावना के लिए लायंस क्लब



अशोकनगर ने उन्हें माला और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक ने भी उनकी सराहना करते हुए कहा कि अरविंद रघुवंशी जैसे कर्मठ और साहसी पुलिसकर्मी विभाग की शान हैं। कार्यक्रम में उपस्थित रहे अध्यक्ष अभिजीत जैन, सचिव विकास रघुवंशी, अमित रघुवंशी, राजेश रघुवंशी सहित अन्य सदस्यगण।

**अशोकनगर से प्रयागराज जा रही वीडियो कोच बस तरावली के पास सड़क से नीचे उतरी, यात्री सुरक्षित**
जिले में पिछली 25 अक्टूबर को वीडियो कोच बस में आग लगने की घटना के बाद सोमवार को अशोकनगर से प्रयागराज जा रही एक वीडियो कोच बस ग्राम तरावली के समीप सडक से नीचे उतर गई। इस घटना में सभी यात्री सुरक्षित हैं।

वीडियो कोच बस के बारे में बताया गया है कि यह बस कल्पना ट्रेवल्स की है जो गुना से अशोकनगर ईसागढ होते हुए पिछोर के रास्ते प्रयागराज के लिए जाती है। इस बस में लगभग एक दर्जन यात्री सवार थे। जब यह बस अशोकनगर से रवाना होने के बाद तरावली ग्ा्रम के पास से गुजर रही थी तभी सड़क मार्ग पर सामने से एक शिफ्ट कार को बचाने के प्रयास में बस का संतुलन बिगड़ने से अनियंत्रत होकर सड़क से नीचे उतर गई। इस घटना में किसी भी यात्री को कोई चोटे नहीं आई हैं। बस को बाद में प्रयागराज के लिए रवाना किया गया।

---

### कृषि आदान विक्रेता संघ ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

**अशोकनगर।** इन दिनों किसानों की फसल कटाई, बुवाई एवं अन्य खेती के कार्य चल रहा है, ऐसे में किसान दिन-रात काम में लगा हुआ है। आज के समय किसानों को खाद बीज विक्रेता दुकानदारों के सहयोग की जरूरत है। लेकिन कृषि आदान विक्रेता संघ ने रविवार को दुकान बंद रखने का निर्णय लिया है, वह किसानों के हित का नहीं है। हालांकि यह सही है कि कानूनी तौर पर दुकानदारों को सप्ताह में एक दिन अवकाश अनिवार्य है, लेकिन इस समय किसान की जरूरत का है। इसके लिए उन्हें व्यापारियों के सहयोग की जरूरत है। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी ने बताया कि आज के समय किसान को खाद बीज विक्रेता भाइयों के सहयोग की आवश्यकता थी। लेकिन कृषि आदान विक्रेता संघ ने रविवार को दुकान बंद का निर्णय लेकर किसानों की परेशानी और बढ़ा दी। आज किसान 24 घंटे काम कर रहा है, उसे कभी भी किसी भी समय खाद बीज उपचार की जरूरत पड़ सकती है। लेकिन व्यापारी भाइयों का एक तरफ तानाशाही, मनमाना निर्णय कि रविवार को दुकान नहीं खोलेंगे, ठीक नहीं है, ध्यान रहे कि किसान है, तो आप हैं, अभी खेती का समय है,जब खेती का समय ना हो तब खूब आप रविवार को दुकान बंद रखें, कोई दिक्कत नही है। मेरा आग्रह है, व्यापारी भाइयों को अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। हालांकि प्रशासन अगर चाहे तो किसानों के हित में कृषि कार्य के समय कुछ दिनों के लिए कृषि कार्य से संबंधित दुकानों को रविवार को भी खोलने का निर्देश दे सकता हैं। जिससे किसानों को सहयोग मिल सके।

---

## शाढ़ौरा नगर परिषद की बैठक में कई बिंदुओं पर की चर्चा

### जलकर की राशि 60 से बढ़ाकर 100 रुपए की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा नगर परिषद की बैठक पिछले दिनो आयोजित की गई थी किन्तु कोरम के अभाव में यह बैठक सोमवार को किए जाने का निर्णय लिया गया था। सोमवार को आयोजित बैठक में 15 में से 14 पार्षदों ने भाग लिया। नपा उपाध्यक्ष बाहर होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक की अध्यक्षता नगरपरिषद अध्यक्ष अशोक माहौर ने की। बैठक में मुख्य नगरपरिषद अधिकारी शमसाद पठान भी उपस्थित थे।

बैठक में जिन प्रस्तावों पर मंजूरी दी गई है उनमें जल कर की राशि 60 रूपए से बढ़ाकर 100 रूपए किए जाने का निर्णय लिया गया है। अब शाढ़ौरा कस्बे के प्रत्येक जल उपभोक्ता को 40 रूपए अधिक देना होगें। अभी तक प्रत्येक माह 60 रूपए जलकर की राशि प्रदान की जाती थी। नगरपरिषद के सभी पार्षदों ने जलकर की राशि बढ़ाने पर सहमति प्रदान की। सीएमओं शमसाद पठान ने बताया कि अब 100 रूपए प्रतिमाह प्रत्येक जल उपभोक्ता को जमा कराने होगें। उन्होंने बताया कि कस्बे के वार्ड क्रमांक 8 में सीसी सड़क के निर्माण का प्रस्ताव एजेण्डा में शामिल किया गया था किन्तु परिषद में यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। दो पार्षदों ने कोई जबाव नहीं दिया 7 पार्षद एक ओर और एक ओर रहे जिसके कारण बहुमत के अभाव में यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। उक्त प्रस्ताव को लेकर 29.05 लाख रूपए की लागत से सड़क और नाली का निर्माण किया जाना था। जब आदिवासी वार्ड के लोगों को पता चला तो वह ज्ञापन देने पहुंचे और कार्य कराने की मांग की।

---

## पिछोर जनपद में आदि सेवा केन्द्रों पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

पिछोर जनपद पंचायत के 83 आदि सेवा केन्द्रों पर मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जिन प्रकरणों का निराकरण तत्काल संभव नहीं था, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित कर संबंधित हितग्राहियों को अवगत कराया गया।

ग्राम पंचायत पटसैरा के सचिव अजब सिंह लोधी ने जानकारी दी कि अनुविभागीय अधिकारी (पिछोर) ममता शाक्य के निर्देशन में जिला पंचायत शिवपुरी के एडिशनल सीईओ तथा जनपद पंचायत पिछोर के सीईओ नरेंद्र सिंह नरवरिया ने मंगलवार प्रातः वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मैदानी कर्मचारियों की बैठक लेकर यह निर्देश दिए कि जनपद के सभी आदि सेवा केन्द्रों पर प्रत्येक मंगलवार जनसुनवाई कार्यक्रम अनिवार्य रूप से आयोजित किए जाएंगे। निर्देशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत पटसैरा के आदि सेवा केन्द्र पर मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से एक का तत्काल



समाधान किया गया जबकि शेष 4 प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी बैठक तक की समय-सीमा तय की गई। सचिव लोधी ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार का लक्ष्य है कि अनुसूचित जनजाति समुदाय के प्रत्येक सदस्य को शासन की योजनाओं का लाभ पूर्ण रूप से मिले। इसके लिए प्रत्येक मंगलवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन अनवरत जारी रहेगा। ग्राम पंचायत पटसैरा में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शिक्षक सुनील गुप्ता, अजय टेडिया, सोबरन सिंह यादव, सहायक सचिव बृजेश कुमार झां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा शर्मा तथा सहयोगी लालू यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

---

## अवैध उत्खनन करते हुए जेसीबी जब्त, वन विभाग ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

करैरा वन विभाग अंतर्गत बीट मामोनी-छान क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन को वन विभाग की टीम ने जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, छान से एनएच-27 (कुशवाहा होटल तक) सड़क निर्माण कार्य चल रहा था यह कार्य पीएमजीएसवाई योजना के तहत स्वीकृत था, जिसकी अनुमति वन विभाग से ली गई थी।

सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा रोड साइट पर अतिरिक्त मिट्टी की खुदाई कर वन भूमि को नुकसान पहुंचाया जा रहा था, ताकि निर्माण कार्य में अतिरिक्त लाभ लिया जा सके इस पर वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से जेसीबी मशीन जब्त कर ली। रेंजर लक्ष्मण मीणा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। मौके पर अतिरिक्त डिप्टी रेंजर शिमला मसराम, बलिराम अहिरवार, वनरक्षक आदित्य, ओम भार्गव, कुंवरलाल शर्मा, सूरज आदिवासी, सौरभ तिवारी, कुमार दीप भार्गव, धीरज खटीक, सुरक्षा श्रमिक भगवान सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## मुहारीकला में रातोरात डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित

**शिवपुरी।** ज़िले के अंतर्गत खनियाधाना थाना क्षेत्र के मुहारीकला गांव में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने अंबेडकर भवन के बाहर निर्माण कर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। सुबह जब ग्रामीण उठे तो प्रतिमा देखकर हैरान रह गए। जानकारी मिलते ही भीम आर्मी और अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मूर्ति का माल्यार्पण कर नारेबाज़ी की और बाबा साहब के जयकारे लगाए। गौरतलब है कि यह पिछोर विधानसभा क्षेत्र में ऐसा पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार रातोरात मूर्तियां स्थापित करने और बाद में उन्हें खंडित किए जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनसे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी थी। बावजूद इसके, वर्षों से चल रही इन घटनाओं पर प्रशासन अंकुश लगाने में असफल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही खनियाधाना थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि तहसीलदार और राजस्व विभाग की टीम के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया है। फिलहाल मौके पर शांति बनी हुई है और राजस्व विभाग ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



---

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

## शासकीय योजनाओं के तहत हितग्राहियों को मिले शत प्रतिशत लाभः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में शासन द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन सिंह संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव, जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त एसडीएम सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगरीय निकाय गूगल मीट से जुड़कर बैठक में भाग लिया।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सभी विभाग बेहतर तरीके से करें। साथ ही योजनाओं की विस्तृत जानकारी विभागों द्वारा अपडेट कर पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि कलेक्टर, कमिश्नर कांफ्रेंस के बिंदुओं पर सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य एवं मरम्मत कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिग में सुधार लाये जाने तथा समाधान के विषयों पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कॉलेज एवं स्कूलों में पात्र छात्र /छात्राओं के छात्रवृत्ति का सत्यापन कराया जाएं। विभागों द्वारा जी.आई.एस मैपिंग हेतु जानकारी उपलब्ध कराई जाएं जिससे अद्योसंरचना विकास प्लानिंग में मदद मिल सकें। उन्होंने आयुक्त ग्वालियर संभाग के प्रस्तावित भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। विभागीय योजनावार बजट आवंटन एवं लक्ष्य अनुरूप उपयोगिता के संबंध में निर्देशित किया गया। उन्होंने अधिकारियों के द्वारा किये गए निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गए। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा,ग्रामीण विकास तथा निर्माणकार्यो के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पीएम आवार्ड के तहत योजनाओं के जानकारी भरे जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा जनसमुदाय की सेवाओं को परिणाममूलक एवं प्रभावी बनाने के लिए जिला अधिकारी विभागीय समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें।

---

### सुधासागर महाराज ने सभा में कहा...

## कैसी भी परिस्थिति बन जाए मेरा कोई कुछ भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता ऐसा विश्वास जगाएंः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कितना भी तुफान आ जाए कैसी भी परिस्थिति वन जाये मेरा कोई कुछ भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता मुझे मेरे ब्रतो पर विश्वास है मेरे धर्म को कोई नहीं छीन सकता। मेरे धर्म का कोई नहीं बिगाड़ सकता तुम कौन हो श्रावक हो मैं साधु हूं। अंदर आत्मा से पूछो अपने आप से मेरे से मत पूछना अपनी आत्मा से आवाज आ जाएं । मेरी भावना सच्ची, मेरी आत्मा सच्ची अब हम अमर भये ना मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। ऐसी स्थिति में प्रथम दृष्टया तुम बोलो ये कार्य क्या कर रहे साधना कर रहा हूं यह सफल होगी यह जो कार्य करने जा रहा हूं इसमें सफलता मिलेगी ऐसा हमें विश्वास होना चाहिए। उक्त आश्य केउद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

इसके पहले जिले की संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ने कहा कि इस चातुर्मास का लाभ सभी नगर वासियों को मिला हर समाज का उत्साह देखते बनता था ऐसे कुछ हो गुरु ऐसा ही अच्छा वातावरण हमेशा वना रहे इसके लिए सभी को क्या करना चाहिए उन्होंने कहा कि कलेक्टर सर के नेतृत्व में इस जिले में गुरु जी सभी कल्याणक कारी योजनाओं को बहुत ही अच्छी तरह से चलाया जा रहा है।





### नपा अपने स्तर पर महा महोत्सव की तैयारियां कर रही हैः नपाध्यक्ष

इस के पहले नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि आने वाले दिनों में हमारे नगर में होने वाले श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में नगर पालिका परिषद अपने स्तर पर व्यापक तैयारियां कर रही है ये नगर अयोध्या नगरी बनेगा तो हमें जो भी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। परिषद उसे पूरा करने जा रही है। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर सजंय केटी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो ने अतिथियों का माला पीत वस्त्र पगड़ी पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

### लोभ के कारण पैसे कमाने की नियत से जब व्यक्ति पिछले सब कुछ भूल जाते हैं

उन्होंने कहा कि लोभ के कारण पैसे कमाने की नियत से जब व्यक्ति पिछला सब कुछ भूल जाते हैं ऐसे लोग कृतनि कह लाते हैं। मात्र थोड़ा मान सम्मान नही मिला आपकी बात नहीं सुनी गई तो आप अपनो से रूठ जाए तो आप अपने कर्तव्य से पीछे हो रहे हैं। जीवन में सस्कार का सबसे बड़ा महत्व है कि जो हमने सस्कार लिए है उन्हें अपने जीवन में बनाये रखना है हमें अपनी उप जाति को भूलना होगा। हमारी कौन जाति नहीं होगी बस हम जिस कुल में जन्मे हैं उसे याद रखना है। हम जैन कुल में जन्मे है तो जैन ही रहें। यह संस्कार अपन को लाना है यदि हमने ये बीड़ा उठा लिया तो हम सम्पूर्ण भारत वर्ष के समाज को एक कर सकेगें मान हो अपमान हो हम अपनी वलदियत नही बदल सकते।